# जिले में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम, छात्रों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया

बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी देना चाहिए

# त्याग, तपस्या व धैर्यता के साथ बच्चों को नैतिक व मानवीय मूल्यों की शिक्षा देता है शिक्षक: बीके वसुधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

अध्यापक त्याग, तपस्या और धैर्यता के साथ बच्चों को नैतिक व मानवीय मूल्यों की शिक्षा देकर श्रेष्ठ समाज का निर्माण करता हैं। यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में शिक्षक दिवस पर प्रातः वेला में सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन सच्चे दार्शनिक, मेहनती एवं अथक थे। वास्तव में वे महान व्यक्तित्व के धनी थे, हमें उनके पद चिन्हों पर चल अपने बच्चों में श्रेष्ठ संस्कार नैतिक व मानवीय मूल्य भरें तभी हम राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंडल सचिव व शिक्षक सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षक वास्तव में उस दीपक की तरह है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशित करता है तो हमें बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी देना चाहिए। आदर्श शिक्षक अपने काम के प्रति सजग रहेगा ईमानदार सच्चाई सफाई सादगी से भरपूर रहेगा। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज संस्था की सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी बहने एक आध्यात्मिक शिक्षक के रूप में समाज को मानवीय मूल्यों का पाठ पढ़ा रही है। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि शिक्षक अपने आचरण आहार व्यवहार से बच्चों में उन गुणों का विकास करे जिससे बच्चों के जीवन के साथ साथ समाज में भी नई रोशनी आए। पूर्व प्रवक्ता संतोष बहन ने कहा कि हम अपनी किताबी ज्ञान के साथ-साथ अध्यात्म को और अपनाएं तो हमारा भारत देश पुनः विश्व गुरु कहला सकता है। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने कहा कि आज भी भारत देश का बोलबाला समूचे विश्व में उसके आध्यात्मिक मानवीय और नैतिक गुणों के कारण है।




भिवान। शिक्षकों को सम्मानित करती बीके बहनें। फोटो : हरिभूमि

### सम्मानित किया

*इस अवसर पर ब्रह्माकुमार भाई बहनों ने आध्यात्मिक गुरु राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन, ब्रह्माकुमारी ज्योति, नीलम, रेखा, रितु,अनुज, मोनिका के साथ साथ शिक्षक सुनील कुमार, जितेन्द्र व पूर्व प्रवक्ता संतोष, मनोज आदि को पटका पहनाकर, ईश्वरीय साहित्य व सौगात भेंटकर सम्मानित किया।*

## शिक्षक बच्चों में शिक्षा व संस्कारों का बीज बोते: श्रीभगवान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

आर्यन कोचिंग सेंटर परिसर में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन की अध्यक्षता सेंटर संचालक श्रीभगवान शर्मा ने की। उन्होंने बच्चो को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, देश के लिए किए कार्यों, शिक्षा के प्रचार प्रसार में दिए गए योगदान से परिचित करवाया। उन्होंने बताया की एक शिक्षक किस प्रकार बच्चो को शिक्षा देकर अपने राष्ट्र का निर्माण करता है तथा अपने सभी स्टाफ को सम्मानित किया।

श्रीभगवान शर्मा ने कहा कि इतिहास साक्षी है गुरू की महिमा को हमेशा से महान बताया गया है लेकिन एक शिक्षक भी तब तक महान नहीं बनता जब तक कि वो स्वयं शिक्षा रूपी आग में तपकर कुंदन नहीं बनता। इतिहास गवाह है कि हम जिन्हें भी महान शिक्षक के रूप में याद करते है सम्मान देते है वो सभी अपने जीवन में शिक्षा, विपरित परिस्थियियों की आग में लोहे सा तपकर, गलकर अग्निपरीक्षा से गुजरे तब उन्होने अपना समृद्ध इतिहास बनाया है। उन्होंने कहा कि पढाना दुनिया का सबसे प्रभावशाली कार्य है। एक शिक्षक, एक मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक होता है। शिक्षक ज्ञान के माध्यम से हमारे मन को आकार देता है और ज्ञान के बिना व्यक्ति का अस्तित्व नहीं होता। शिक्षक बच्चों को शिक्षा के साथ ही उनके अन्दर संस्कारों के बीज बोता है, जो उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।



भिवान। विद्यार्थियों को संबोधित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

नवयुग विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया

## विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में अनुज फौगाट को चुना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

गांव मकड़ानी स्थित नवयुग विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता निदेशक अजय जाखड़ ने की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन व कार्यों से संबंधित लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया, जिसमें मंयक, कशिश, कोमल शर्मा, हर्ष, अभिषेक, हिमांशु, रोहित, कोमल वर्मा, मीनू, अनुज, डिंपल, माही, हर्षिता, मीनू मौडी, रितिका, साहिल, मीनू वर्मा, रोमिका आदि बच्चों ने अपनी प्रतिभा सभी के सामने रखी।

इस दौरान सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया। इस दौरान विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में अनुज फौगाट मकड़ाना को चुना गया व उनकी शिक्षण कार्य व बच्चों को मनोयोग से पढाने की कार्यप्रणाली की सभी ने तारीफ की।

निदेशक अजय जाखड़ ने बताया कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के दूसरे राष्ट्रपति रहे।



शिक्षकों को सम्मानित करते अतिथि व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### मौजूद रहे

*इस मोके पर अमित वत्स, महेंद्र फोगाट, विवेक, प्रीति फौगाट, एकता श्योराण, पूजा मकड़ाना, प्रियंका फौगाट, ज्योति जांगडा व कविता प्रजापत आदि उपस्थित था।*

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

**भिवानी।** जीवन में कड़ी मेहनत से ही अपार सफलता प्राप्त की जा सकती है, छात्रों को अपने अध्ययन काल में पूरी लगन के साथ पढ़ाई करने चाहिए, जिससे कि उनका सारा जीवन आनंद से व्यतीत हो सके, ये विचार गौशाला मार्केट रोड स्थित श्रीसनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रमुख साहित्यकार आचार्य रमेश मिश्र ने कहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय मिश्र ने कहा कि मई 2025 में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित शास्त्रीजी वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इस बार भी लड़कियों ने ही अधिक अंक प्राप्त किए है। आज संस्कृत भाषा के प्रति आम जनता में प्रचार प्रसार तेजी से बढ़ रहा है। शास्त्री के छात्रों को रोजगार के अनेक अवसर प्राप्त हो रहे है। इस अवसर पर शास्त्री फाइनल में बबीता प्रथम, राहुल द्वितीय, बबली तृतीय, शास्त्री द्वितीय वर्ष में तनु प्रथम, द्वितीय प्रियंका, तृतीय सपना, आस्था, शास्त्री प्रथम वर्ष में शिवानी प्रथम, धनवेश और रिंकू द्वितीय, रेणु तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुशील शास्त्री, निकिता, नेहा, ज्योति, हेमपुष्पा, भारती व सुरेंद्र आदि उपस्थित थे।




अतिथियों व शिक्षकों के साथ शास्त्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

## रक्तदान शिविर व पौधरोपण कर शिक्षक दिवस मनाया

**भिवानी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ भिवानी ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहड़ भिवानी मे रक्तदान शिविर व पौधारोपण कर शिक्षक दिवस मनाया। इसमें पूरे जिले से सैकड़ों प्राथमिक शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान के लिए पहुंचे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर रहे। उन्होंने रक्तदान करने वाले प्राथमिक शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है,जिससे किसी का जीवन बचाया जा सके। जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर व एफ एल एन जिला कॉर्डिनेटर सुनील कुमार ने कहा कि रक्तदान प्राणदान है और पौधारोपण हमारे जीवन मे प्रकृति का प्रमुख हिस्सा है हम सबको इस कार्य में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महासचिव सुमित शर्मा व प्राचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि रक्त की कमी की आपूर्ति का एकमात्र स्रोत रक्तदान ही है।

## डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया नमन



पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि देते शिक्षक।

भिवानी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति ने शिक्षक दिवस पर महान शिक्षाविद, दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति के सदस्यों एवं शिक्षा और समाज से जुड़े प्रबुद्ध व्यक्तियों ने उनके विचारों को याद करते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नशामुक्त समाज का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, निदेशिका सावित्री यादव और समाजसेवी बिजेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का जीवन शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और समाज सेवा का माध्यम माना, वे मानते थे कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला पथप्रदर्शक होता है। शिक्षकों व समाजसेवियों ने एकमत होकर कहा कि शिक्षक दिवस केवल आभार प्रकट करने का दिन नहीं, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को दोहराने और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने का अवसर भी है।

इस प्राचार्या समी यादव, सरला अग्रवाल, सुमित मलिक, उर्मिला सैनी, मास्टर दयानंद, बबीता देवी, कविता शकुन्तला, रिमझिम, ऊषा, जानकी, ललिता आदि उपस्थित रहे।



## शिक्षक ही समाज के सच्चे निर्माता, जो विद्यार्थियों के जीवन को संवारते: संजय

**चरखी दादरी ।** गांव बिलावल के जेएलएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक संजय शर्मा व प्राचार्या प्रवीण देवी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जलन व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर मालार्पण करके किया। इस दौरान बच्चों ने भाषण, नृत्य, नाटक, गीत, संगीत सहित अन्य सांस्कृति प्रस्तुतियां दी और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही समाज के सच्चे निर्माता होते हैं और विद्यार्थियों के जीवन को संवारना एवं उन्हें संस्कारवान बनाना उनका सर्वोच्च लक्ष्य होता है। इस दौरान कक्षा दसवीं, ग्याहरवी व बारहवीं की छात्राओं ने देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले के जीवन, संघर्ष व कार्य आधारित नाटक का मचंन किया, जिसकी सभी ने सराहना की। पांचवी की श्रेया ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्डिनेटर सचिन की देखरेख में कार्यक्रम संचालित हुआ।

## शिक्षक दिवस पर डॉ. सर्व पल्ली राधा कृष्णन को किया याद

**भिवानी।** भारत माता सेवा मंडल द्वारा एम सी कॉलोनी सेंट्रल पार्क में आज शिक्षक दिवस पर भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया। मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता पदम सिंह चौहान ने बताया कि इस अवसर पर सेवानिवृत मुख्य अध्यापक वेद प्रकाश तंवर,मुरारी लाल शर्मा, ,रामेश्वर दास,बलराज शर्मा ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में शिक्षक दिवस भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत में एक महान शिक्षक और दार्शनिक के रूप में जाने जाते हैं। उनका जन्म तमिलनाडु के एक छोटे से गांव तिरुमनी में 05 सितंबर, 1888 को हुआ था। एक बेहद ही साधारण परिवार से आने वाले सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी उपलब्धियों के लिए 27 बार नोबेल पुरस्कार के लिए नामित भी किया गया है। इसके साथ ही उन्हें भारत रत्न पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। आज हम सभी उनको नमन करते हैं।मंडल संरक्षक पूर्णमल शर्मा, गणपत राय जसूजा, सुमेर सैनी, ओमप्रकाश चावला ,अशोक कुमार ने 05 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाए जाने के पीछे एक किस्से को भी साझा करते हुए बताया कि दरअसल जब सर्वपल्ली राधाकृष्णन बने तो उन्हें राष्ट्रपति बनने के लिए बधाइयां दी गई। इसी मौके पर उन्होंने कहा था यदि उनके जन्मदिवस के अवसर प्रत्येक पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो उन्हें बहुत खुशी होगी। इसके बाद भारत में प्रत्येक पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।




## पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया नमन

**चरखी दादरी ।** पीएच शिक्षण संस्थान चरखी दादरी में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने प्रिय शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन वंदना और द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने नृत्य गीत और नाटक प्रस्तुत कर शिक्षकों की महत्ता को उजागर किया। विद्यालय के प्राचार्य ओपी तिवारी ने बताया कि आज के दिन महान दार्शनिक और हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हैं। जब उनके शिष्यों ने उनकी जयंती मनाने की इच्छा व्यक्त की तो उन्होंने कहा कि मेरे जन्मदिन को मनाने की बजाय इसे शिक्षक दिवस के रूप में मानना ही मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान होगा, तभी से हर वर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता हैं। विद्यालय के 11वीं कक्षा और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने शिक्षकों की भूमिका निभाई, जो बहुत ही सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने शिक्षकों को पुष्पगुच्छ और शुभकामनाएं देकर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और आनंद का वातावरण देखने को मिला।

## हलवासिया विद्या विहार में 'शिक्षक सम्मान समारोह' का आयोजन

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में हमारा अपना फाउंडेशन (ग्रो-टुगेदर) की ओर से शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 'शिक्षक सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्धमान ज्वैलर्स एवं हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन, सीईओ एस.के. सिंह, विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. साक्षी सिंगला, तथा त्रिवेणी डेंटल क्लिनिक से डॉ. कपिल मुख्य रूप से पधारे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदा की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सर्वप्रथम मंच पर उपस्थित प्राचार्य एवं विभाग प्रमुखों को सम्मानित कर समारोह की शुरुआत की गई।इसी क्रम में प्राचार्य विमलेश आर्य, उप-प्राचार्य दीपक वशिष्ठ, विभाग प्रमुख अलेक्जेंडर दास, अमरेंद्र कुमार, सुवीरा गर्ग एवं वीणापाणि महता को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राथमिक, माध्यमिक एवं वरिष्ठ विभाग से लगभग 105 शिक्षकों को क्रमवार सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन माध्यमिक विभाग प्रमुख सुवीरा गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आचार्या अंजुला एवं अनुराधा द्वारा 'अपने लिए जिए तो क्या जिए' गीत की सुमधुर प्रस्तुति ने समाज सेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया। साथ ही आचार्या रेखा ठाकुर, कोमल सोनी, नीलम बत्रा, अंजू खट्टर एवं रजनी ने समूह गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## शिक्षक दिवस पर कैरू के आदर्श विद्यालय में गुरुजनों को दिए उपहार

**तोशाम।** जन्म दिए माता -पिता, शिक्षक देते ज्ञान। शिक्षा कारण मिल रहा, आज हमें सम्मान। शिक्षकों को समर्पित इस दोहे के साथ आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैरू में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोपहर बाद छात्र-छात्रओं ने उपस्थित सभी गुरूजनों को उपहार दिए और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। स्कूल चेयरमैन आर के बंगालिया ने सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन वृत्तान्त से अवगत करवाया। इसके बाद सीनियर विद्यार्थियो में कक्षा बारहवीं साईंस से ज्योति, वर्शा, हिमानी, साक्षी, मनस्वी, नेहा, मनीशा तथा पाकीजा ने अध्यापकों की भूमिका अदा की और कक्षाओं का संचालन किया।



## त्याग, तपस्या एवं सेवाभाव सफलता की ओर ले जाता

**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम में त्याग, तपस्या एवं सेवा पर आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए शाखा प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने कहा कि त्याग, तपस्या और सेवाभाव ये आध्यात्म के अभिन्न अंग हैं। मनुष्य इनको अपना कर ही आध्यात्म की पहली कड़ी को अपनाता हैं। सबसे पहले मनुष्य को ये तीनों चीजे अपनानी होगी, तभी वे आध्यात्म में कामयाब हो सकते।

उन्होंने कहा कि ये तीनों ही व्यक्ति को आंतरिक रूप से पवित्र एवं चरित्रवान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा कहते हैं कि त्याग, तपस्या और सेवा का भाव सफलता की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि हम तपस्या के बल से विकारों का त्याग करते हैं तो विकारों की मिश्र धातु पिंघल जाती है और जो प्रकट होता है वह असली सोना होता है। त्याग, तपस्या और सेवा एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और ये सभी मिलकर व्यक्ति को सफलता के पथ पर ले जाते हैं। इन तीनों के माध्यम से व्यक्ति आत्म-सुख पाता है और दूसरों को भी सुख प्रदान करता है, जिससे बेहतर और परिवर्तनशील विश्व का निर्माण होता है। इस अवसर पर बीके आरती बहन, बीके पूनम, बीके मीनाक्षी, बीके सुषमा, बीके नीलम, बीके शारदा, बीके कविता, बीके सुनील, बीके मनोज, मीडिया कॉर्डिनेटर बीके धर्मवीर सहित अनेक ब्रह्मावत्स उपस्थित रहे।

## तोशाम में धर्मसेना कार्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

**तोशाम।** धर्मसेना के तोशाम कार्यालय में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर धर्मसेना जिला अध्यक्ष मास्टर अश्वनी महता ने सभी शिक्षकों व छात्रों को बधाई दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि एक शिक्षक को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कारो की भी शिक्षा देनी चाहिए। जिससे प्रत्येक विद्यार्थी अच्छे संस्कार ग्रहण करके देश के उज्जवल भविष्य व विकास में अपना योगदान दे सके। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कृष्ण सागबन, रोशन यादव डीआइ, जेबीडीएम संस्था सरल के निदेशक सुनील सूरा, संजय जांगड़ा, कर्मबीर खरकड़ी, शमशेर बागनवाला आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला



भिवान। शिक्षक दिवस पर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

आदर्श शिक्षण संस्थान में आज शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को समाज का मार्गदर्शक बताया। उन्होंने बताया जिस तरह एक पक्की नींव ही ठोस भवन का निर्माण करती है, ठीक उसी प्रकार शिक्षक विधार्थी रूपी नींव को सुदृढ़ करके उस पर भविष्य में सफलता रुपी भवन खड़ा करने में सहायता करता है। शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं। वे न केवल पढ़ाई करवाते हैं बल्कि हमें अनुशासन, संस्कार और जीवन के मूल्यों की शिक्षा भी देते हैं। हर विद्यार्थी को अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए। संस्था द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों व प्रोफसरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था सचिव डॉ. सरिता श्योराण, प्राचार्या अनीता वर्मा, कोऑर्डिनेटर शारदा शर्मा, कैप्टन राजेंद्र घायल, कैप्टन सुखबीर, डॉ. हरिकिशन शर्मा, रिंकू कैप्टन सोमबीर, मोहम्मद नसीम, संदीप, अजित, संदीप, प्रियंका, ममता, मोनिका, रीना, गीता, शशी, पारुल, मंजू, सरोज, अनीता, सपना, आदि स्टाफगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बिजली पेंशनर्स ने अफसरों के खिलाफ जताया रोष

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक नेहरू पार्क में जिला प्रधान बाल मुकन्द बापोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन महासचिव आरके चावला ने किया। बैठक में निगम अधिकारियों के अड़ियल रवैये के प्रति रोष जताया और कहा कि बार-बार एजेंडे देने तथा व्यक्तिगत संपर्क करके रुके हुए कार्यों को करने के लिए दबाव डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को भिवानी युनिट द्वारा जाट धर्मशाला में वरिष्ठ बिजली पेंशर्नज सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### फसलों के नुकसान की गिरदावरी करवाए सरकार

**भिवानी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व बैंक महाप्रबंधक नरेश तंवर ने बरसात के कारण खराब हुई फसलों से किसानों को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार से प्रति एकड़ 50 हजार रुपये का मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार से तुरंत प्रभाव से विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों के नुकसान की भरपाई करने का कार्य करें।

### जिला परिषद चेयरपर्सन ने किया कई गांवों का दौरा

**तोशाम।** जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने भिवानी जिले के गांव सागवान, दाँग, तालू, धनाना, जताई, रिवासा गाँव का दौरा किया और ग्रामीणों से कहा की जिला परिषद की मीटिंग में सभी पार्षदों द्वारा सर्वसम्मति से पास करके हरियाणा सरकार व केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है जिसमे मकानों व खेतों के नुकसान के मुआवजे की माँग की है और कहा है कि पानी निकासी का कार्य और अधिक तेजी से किया जाए। मलिक ने कहा की पानी निकासी की उचित जगह न मिलने पर डाडम माइनिंग में तोशाम हल्के का पानी स्टॉक किया जा सकता है और आगे आने वाले समय में उसी पानी से खेतों में सिचाई भी की जा सकती है। मलिक ने राज्यसभा सांसद पर चुटकी लेते हुए कहा कि विस में पानी की लाइनों का विरोध ना करती तो भिवानी सहित हरियाणा में बाढ़ की स्थिति नहीं बनती।

### जीएसटी स्लैब बदलाव आर्थिक क्रांति लाएगा

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी एस टी स्लैब में किया गया बदलाव देश में नई आर्थिक क्रांति लेकर आएगा । वहीं विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा । ये विचार भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मीना परमार ने प्रेस को जारी ब्यान के माध्यम से व्यक्त किए। परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में देशवासियों से नेक्स्ट-जेनेरेशन जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। जिसके तहत जीएसटी काउंसिल द्वारा जीएसटी स्लैब को 4 से घटाकर 2 कर दिया गया है। 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत ।

---

### नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि व विधायक पुत्र ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

# पॉश कॉलोनियों में 35 लाख रुपये की लागत से बनेंगे कई शौचालय

**नए-पुराने शौचालयों का करवाया जा चुका है जीर्णोद्धार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पॉश कॉलोनी के लोगों व वहां पर बाहर से आने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर। पॉश कॉलोनी की सार्वजिनक जगहों पर लोगों को सार्वजनिक शौचालयों की सुविधा मिलने वाली है।

इसी क्रम में शुक्रवार को नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व विधायक सर्राफ के पुत्र अमन सर्राफ ने नारियल फोड़कर सेक्टर-13 में नारियल फोड़कर सार्वजनिक शौचालय के कार्य का शुभारंभ करवाया। साथ ही पीर बाबा के पीछे स्थित शौचालय के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू करवाया गया। इससे पहले वार्ड संख्या 17 में भी सार्वजनिक शौचालय के निर्माण का कार्य शुभांरभ करवाया। इन तीनों जगहों पर बनने वाले शौचालयों पर करीब 35 लाख रुपये की राशि की लागत आएगी। उसके बाद इन इलाकों में शौचालयों की कोई कमी नहीं रहेगी। अभी तक शहर में करीब 15 जगहों पर नए व पुराने शौचालयों का जीर्णोद्धार करवाया जा चुका है। जिस पर करीब पौने दो करोड़ रुपये का खर्च आया है। इस मौके पर नप उपप्रधान प्रतिनिधि संदीप सिंह बंटी,पार्षद सूर्या तंवर, अभिषेक दुग्गल आदि मौजूद थे।



**भिवानी।** नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### चेयरमैन के समक्ष पार्षद संदीप ने रखी मांग

वार्ड संख्या 2 के पार्षद संदीप यादव ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह के समक्ष वार्ड में हाऊसिंग बोर्ड के पास सफाई व्यवस्था,पार्कों में जिम, झूल्ले, ग्रीन बेल्ट की डिमार्किंग तथा इन इलाकों में जमा बारिश के पानी की निकासी की मांग की। जिस पर चेयरमैन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने जल्द ही पूरा करवाए जाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो में कोई ढिलाई नहीं है। बशर्ते जनता उनको सार्वजिनक कार्य करवाए जाने की जानकारी दे। वहीं वार्ड संख्या 17 के पार्षद सुभाष तंवर ने भी सार्वजनिक शौचालय बनाए जाने की मांग रखी थी।

#### कई दिनों की मांग हुई पूरी: भवानी

नगरपरिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि सेक्टर 13 के हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी की मार्केट के पास सार्वजनिक शौचालय की कमी महसूस की जा रही थी। क्षेत्र के लोगों ने कई बार मांग भी की थी। अब उसके लिए जगह चिंहित करते ही सार्वजिनक शौचालय का कार्य शुरू करवा दिया है। इनके अलावा सेक्टर में ही बाबा पीर की मजार के पीछे एक अन्य शौचालय का जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। इनके अलावा वार्ड संख्या 17 में भी सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है। अभी तक शहर में 15 जगहों पर शुलभ शौचालयों का निर्माण करवाया गया है।

**शहर का चहुंमुखी विकास हो रहा:** विधायक के पुत्र अमन सर्राफ ने बताया कि नगरपरिषद भिवानी शहर का चहुंमुखी विकास करवा रही है। शहर का कोई भी हिस्सा ऐसा नहीं है। जहां पर विकास कार्य न चल रहे हो। सेक्टर 13 व वार्ड संख्या 17 में दो जगहों सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है।

---

### श्री अलख गोशाला में कार्यक्रम का आयोजन

# गायों की सेवा का मौका सौभाग्य से मिलता: जेपी



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

पूर्व केबिनेट मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि गायों की सेवा का मौका सौभाग्य से मिलता है। यह वह पुण्य है जो दूसरे किसी धार्मिक कार्यों से कहीं ज्यादा बड़ा और श्रेष्ठ है। सनातन धर्म में यह मान्यता है कि गो सेवा करने वाले व्यक्ति पर गोमाता का ऐसा आशीर्वाद मिलता है कि को हमेशा सुख, समृद्धि से परिपूर्ण निरोगी जीवन जीता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने शुरू से गोवंश के संरक्षण और संर्वधन के लिए प्रभावशाली कदम उठाए है।

वे शुक्रवार को श्री अलख गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उनके साथ महेन्द्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव भी मौजूद थे। जेपी दलाल ने श्री अलख गोशाला बहल में करीब 13 लाख व मंढोली कलां गोशाला में करीब आठ लाख रुपये की सरकार द्वारा जारी गोशाला के लिए दी गई अनुदान राशि के चेक दिए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरूण श्योराण, पूर्व सरपंच रवि महमिया, जिला पार्षद रविन्द्र मंढोली, सरपंच साधूराम पनिहार, गोशाला प्रधान गजानंद अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, महंत विकास गिरी, सुशील चैहडिया, हनुमान शर्मा पाजू, पवन शर्मा सुरपुरा, सज्जन फौजी बिधनोई, जयकुमार शर्मा, रामसिंह जांगड़ा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

---

### 36 अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

# नेशनल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा टैगोर स्कूल

- स्कूल प्रबंधन ने प्रतियोगिता की तैयारी की शुरू, लीग चरण मुकाबलों से होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर के रेवाड़ी रोड स्थित टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नौ सितंबर से सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल गर्ल्स चैंपियनशिप का आगाज किया जाएगा। प्रतियोगिता में देश व विदेश की 96 टीमों के खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय प्रशासन व सीबीएसई दोनों स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है।

उक्त बातें स्कूल की सीईओ डॉ. निशा यादव व मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल यादव ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही। डॉ. निशा यादव ने कहा कि प्रतियोगिता को लेकर खेल प्रेमियों में उत्साह है। बड़ी संख्या में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के शहर में आने से स्थानीय खिलाड़ियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। यह प्रतियोगिता जिला को शिक्षा व खेल दोनों क्षेत्रों में नई पहचान दिलाने का कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट की शुरुआत नौ सितंबर से लीग चरण के मुकाबलों से होगी। इसके बाद विजेता टीमें प्री क्वार्टर, क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। फाइनल मुकाबला 13 सितंबर को खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता का विस्तृत फिक्स्चर आठ सितंबर की रात होने वाली कोच बैठक में घोषित किया जाएगा।

मैचों को पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से तय कर ली गई हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल यादव ने कहा कि प्रतियोगिता में 20 क्लस्टर प्रतियोगिताओं से विजेता बनी 60 राष्ट्रीय टीमों के अलावा कुवैत, ओमान, सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात से 36 अंतरराष्ट्रीय टीमें भाग लेगी। विदेशी टीमों की मौजूदगी से टूर्नामेंट का स्तर व प्रतिस्पर्धा दोनों बढ़ जाएंगे। चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को बेहतर माहौल और अनुभव प्रदान करना प्राथमिकता होगी। सभी टीमों के ठहरने तथा भोजन की संपूर्ण व्यवस्था स्कूल परिसर में की गई है।



**महेंद्रगढ़।** पत्रकारवार्ता को संबोधित करती सीईओ डॉ. निशा यादव व मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल यादव।

---

# दा ऑकवुड स्कूल में ऑनलाइन लेन-देन में सावधानियां बरतने को किया जागरूक

*प्राचार्य सज्जन भारद्वाज बोले- साइबर अपराध से बचने के लिए जागरुकता ही एकमात्र उपाय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दा ऑकवुड स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य स्कूल स्टाफ को डिजिटल दुनिया के खतरों से सुरक्षित रखना था। कार्यक्रम में फेडरल बैंक के अधिकारी महक और राघव अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी देना था।

अधिकारियों ने स्टाफ सदस्यों को कई महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया, जिनमें ऑनलाइन लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, मजबूत पासवर्ड बनाने के तरीके, फिशिंग ईमेल की पहचान और सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी से व्यवहार करना शामिल था। इस मौके पर महक ने स्टाफ को अज्ञात लिंक व संदेशों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने या निजी जानकारी सांझा करने से बचना चाहिए। राघव अग्रवाल ने डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग पर जोर दिया और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कैसे सतर्क रहकर साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने फेडरल बैंक के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि तकनीक बढ़ने के साथ-साथ उनसे जुड़े खतरे भी बढ़ने लगे है, जिनसे बचने के लिए जागरूकता ही एकमात्र हथियार है तथा विद्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम बेहद लाभकारी साबित होते है।



**भिवानी।** बैंक कर्मियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्राचार्य व स्टाफ सदस्य।

---

### गांव कलिंगा के पीड़ित परिवार को नौकरी और 50 लाख की सहायता राशि दें: फौजी



**भिवानी।** लोगों से बातचीत करते पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी।

**भिवानी।** पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी शुक्रवार को गांव कलिंगा पहुंचे और मकान की छत गिरने से तीन मासूमों की मौत पर दुख जताया। साथ ही हादसे में घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान लोगों से बातचीत करते हुए पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने सरकार द्वारा पीड़ितों को दिए जाने वाला सहायता राशि के चेक को नाकाफी बताया। उन्होंने कहा कि घायल ओमपाल का सबकुछ तबाह हो गया। तीन बेटियों की मौत की वजह से उस पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार के घायल लोगों का निशुल्क इलाज कराने की मांग की। साथ ही सरकार से पीड़ित परिवार के मकान के निर्माण व अन्य मदद के लिए कम से कम 50 लाख रुपये की राशि से मदद करने तथा परिवार में से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की। क्योंकि जो हादसा हुआ है। उसमें ओमपाल का परिवार पूरी तरह से टूट चुका है। ओमपाल के अलावा उसकी पत्नी की रीढ की हड्डी में चोट लगी है। उसका इलाज सरकार अपनी तरफ से करवाए। उन्होंने कहा कि बवानीखेड़ा हलके में इस तरह के सभी मकानों का सर्वे करवा कर उनकी मरम्मत करवाए जाने की मांग की।

---

*सरकार से मुआवजे की मांग की*

# कांग्रेस नेता ने तोशाम क्षेत्र में जलभराव का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी ने तोशाम क्षेत्र के विभिन्न गांव में पहुंचकर जलभराव का निरीक्षण किया तथा जलभराव के कारण पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात की व जलभराव के कारण बर्बाद हुई किसानों की फसल के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी ने तोशाम क्षेत्र के गांव मीरान, सागवान, अलखपुरा, दांग खुर्द, दांग कला, बिरण आदि का दौरा कर जलभराव से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता तथा विभिन्न ग्रामीण मौजूद थे।



**भिवानी।** जलभराव से प्रभावित खेतों का निरीक्षण करते अनिरूद्ध चौधरी।

#### पानी निकासी के प्रबंध करवाएं

*इस दौरान उन्होंने जलभराव से प्रभावित ग्रामीणों की दयनीय स्थिति को देखकर चिंता जाहिर की और कहा कि जलभराव के कारण तोशाम क्षेत्र के विभिन्न गांव में ग्रामीणों का जन-जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है जोकी बहुत ही चिंतनीय विषय है। अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि सरकार तथा प्रशासन को जल्द से जल्द पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध करने चाहिए जिससे ग्रामीणों का जनजीवन दोबारा से पहले की भांति सामान्य हो सके। उनका कहना था कि जलभराव के कारण जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई है उन किसानों को सरकार जल्द मुआवजा जारी करे जिससे बेबस किसान अपने परिवार का पालन-पोषण कर सके।*

---

# जीएसटी सुधार कांग्रेस के दबाव में लिया गया फैसला : बुवानीवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस उद्योग सैल के चेयरमैन अशोक बुवानीवाला ने जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में वित्त मंत्री द्वारा जीएसटी स्लैब को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत करना केन्द्र सरकार का देर से उठाया गया कदम बताया है।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों को लेकर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को आखिरकार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा 8 वर्ष पहले दिया गया सुझाव मानना पड़ा है। कांग्रेस पार्टी लंबे समय से जीएसटी सुधारों की वकालत करती रही है कि दरों की संख्या घटाए, बड़े पैमाने पर उपभोग होने वाली वस्तुओं पर टैक्स की दरें कम करे, टैक्स चोरी, गलत वर्गीकरण और विवादों को न्यूनतम करे, इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर (जहां इनपुट पर आउटपुट की तुलना में अधिक टैक्स लगता है) समाप्त करे, एमएसएमई पर प्रक्रियागत नियमों का बोझ कम करे और जीएसटी के दायरे का विस्तार करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में जीएसटी के डिजाइन और दरों के खिलाफ पिछले 8 वर्षों से जोर-जोर से आवाज उठा रही है, लेकिन केन्द्र सरकार अपनी मनमानी के चलते उनकी मांग को अनदेखा करती रही है।

---

# आचार्यश्री भिक्षु में आत्मबल, मनोबल, तपोबल व श्रद्धाबल का अद्भुत संयोग था: मनक मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हालुवास गेट फाटक स्थित जैन मुनि आश्रम में पूज्यश्री मनक मुनि महाराज के पावन सान्निध्य में तेरापंथ प्रवर्तक, महान क्रान्तिकारी, अनेक योग शक्तियों के धारक शक्तिपुंज आचार्यश्री भिक्षु का परिनिर्वाण दिवस चरमोत्सव के रूप में बहुत उल्लास व भक्तिमय वातावरण में मनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उषा जैन ने किया। उन्होंने बताया कि आचार्यश्री मिक्षु का जीवन तपोमय, त्यागमय तथा संघर्षमय रहा। कष्टों की परवाह न करते हुए उन्होंने धर्मक्रान्ति का बिगुल बजाया तथा तेरापंथ के रूप में अनुशासित मर्यादित धर्म संघ की स्थापना की।

आचार्य भिक्षु में आत्मबल, मनोबल, तपोबल, योगबल व श्रद्धाबल का अद्भुत संयोग था। वे युग द्रष्टा एवं सत्य ग्राही संत थे। शुक्रवार को जैन मुनि आश्रम में मनक मुनि महाराज ने आचार्यश्री भिक्षु के जीवन, दर्शन व सिद्धान्तों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आचार्य भिक्षु युग द्रष्टा थे, नई धारा के स्त्रष्टा एवं सत्य ग्राही संत थे, जिन्होंने सत्य के लिए सुख सुविधा, पद-प्रतिष्ठा सबका त्याग कर दिया। नई धर्मक्रान्ति व शुद्ध आचार-विचार की प्रतिष्ठा करने के लिए वर्षों तक उन्होंने विरोधों तथा संघर्षों का सामना किया, उनमें आत्मबल, मनोबल, तपोबल, योगबल व श्रद्धाबल का अद्भुत संयोग था। वे बचपन से प्रतिभावान, बुद्धिमान व विरक्त थे। आचार्य भिक्षु विरले जीवन्त चामत्कारिक सन्तों में एक थे। अन्तिम समय में सिरियारी राजस्थान में 17 वर्ष की अवस्था में आज के दिन ध्यान समाधि पर बैठे और अनशनपूर्वक उन्होंने समाधि मरण का वरण किया था। सिरियारी का समाधि स्थल महान शक्ति स्थल के रूप लाखों लोगों के श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ हैं, जहां श्रद्धेयश्री भिक्षु का नाम ही मंत्र है, जो शान्तिदायक, विघ्न विनाशक,सुख संपत्ति कारक है, इसीलिए इस पुण्य दिवस पर उनके नाम का तीन लाख से अधिक सामूहिक जप किया है।



**भिवानी।** जैन मुनि आश्रम में प्रवचन देते मनक मुनि महाराज। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

*कार्यक्रम में तपस्वी भाई-बहन अनिल नाहटा, मोहित वर्मा, रेणु नाहटा, रेखा शर्मा, मधु वर्मा, पारुल जैन, विजया नाहटा का आश्रम की ओर से डॉ. उषा जैन, राकेश कटारिया, सूर्यप्रकाश जैन, प्रवीण बिन्दल ने सम्मान अभिनन्दन किया। इस मौके पर सन्मति जैन, नीलम जैन, नरेश लहरिया, ओमप्रकाश जैन, आनन्द बासिया, मदनलाल जैन, श्यामलाल गर्ग, केशव जैन, सुरेन्द्र शर्मा, माणकचन्द नाहटा, सज्जन, सुरेश, मनोज, राजू, मोहित, अमित, गौरव, राजा, पार्थ, संस्कृति जैन, शारदा, प्रेम, नीलमा, मीना, मैना, सीमा, ईशा, स्वीटी, कान्ता, शोभा व ललिता आदि मौजूद रहे।*




# जलभराव से हुए नुकसान के मुआवजे को लेकर किया प्रदर्शन

- घरों व फसल बर्बादी के नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन
- सरकार व प्रशासन चुप रहकर देख रहे जनता की तबाही : रणधीर
- सागवान गांव में 70 प्रतिशत घरों में पानी घुस गया, मकान तबाह हो गए, खरीफ फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई : रणधीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा ब्लॉक तोशाम ने जलभराव व बाढ़ ग्रस्त गांव के किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय तोशाम के सामने प्रदर्शन किया और धरना दिया। प्रदर्शन व धरने की अध्यक्षता सभा के ब्लॉक कोषाध्यक्ष रणधीर सांगवान ने की तथा मंच संचालन किसान सभा के ब्लाक सचिव नरेंद्र डाडम ने किया। किसान सभा के नेताओं ने कहा कि बवानीखेड़ा, भिवानी व तोशाम तहसील के तीन दर्जन से अधिक गांव में भारी बारिश पीछे से अत्याधिक पानी आने से ड्रेन व नहर ओवरफ्लो होकर गांव में भंयकर जलभराव व बाढ़ आ गई, जिससे तोशाम तहसील के गांव मीरान, दांगखुर्द, दांगकलां, बीरण, रिवासा व सागवान में जलभराव व बाढ़ से भारी तबाही मचाई है।

उन्होंने कहा कि सागवान गांव में 70 प्रतिशत घरों में पानी घुस गया, मकान तबाह हो गए, पक्के व मजबूत मकानों में भारी दरारें आ गई, खरीफ फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई तथा रबी फसल की बुआई नहीं हो पाएगी। गांव के 70 प्रतिशत निवासी अपना सामान व पशुओं को लेकर गांव से पलायन कर चुके है। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार व प्रशासन की लापरवाही से भिवानी घग्गर ड्रेन का पानी निगाणा नहर में डालने की बजाय दांग व सागवान की तरफ करने से दिक्कत आई है।

### विशेष गिरदावरी करवाई जाए

किसानों ने एसडीएम तोशाम को ज्ञापन देकर मांग की कि जलभराव व बाढ़ के पानी की शीघ्र निकासी करवाए तथा इससे हुए नुकसान की विशेष गिरदावरी करवाई जाए तथा किसानों को एक लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिलाया जाए, बाढ़ ग्रस्त व जलभराव ग्रस्त नुकसान हुए मकानों का सर्वे करवाया जाए, न्यायोचित मुआवजा दिलाया जाए, पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की जाए, जलभराव गांव में 600 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी देकर 200 दिन के लिए मनरेगा का काम लगाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार व प्रशासन चुप रहकर जनता की तबाही देख रहा है।

### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन व धरने में दिनेश मीरान, महाबीर रोढ़ा, बलराज मिरान, उमेद सिंह गारनपुरा, जिलेसिंह जैनावास, मांगेराम गारनपुरा, सत्यवीर पिंजोखरा, महाबीर सिढ़ान, महाबीर सरपंच भेरा, उजालाराम दुहन व ईश्वर सरपंच मिरान शामिल रहे।



भिवानी। प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते किसान सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## सागवान में निरीक्षण करने पहुंचे सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- लोगों ने अधिकारियों और नेताओं के सामने समस्याएं रखीं

सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी और राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के निर्देश पर शुक्रवार को सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर नीतीश जैन ने गांव सागवान का दौरा किया। चीफ इंजीनियर ने विभाग के अधिकारियों को पानी निकासी के लिए हर संभव कदम उठाए जाने के निर्देश दिए।

सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर नीतीश जैन ने सागवान गांव में जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान विभाग के अधीक्षक अभियंता ओमप्रकाश बिश्नोई, एक्सईएन नवीन देसवाल सहित विभाग के अन्य अधिकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता हरी सिंह सांगवान, पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन सुनील भारीवास आदि मौके पर पंहुचे। चीफ इंजीनियर नितीश जैन ने जलभराव की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और ग्रामीणों से बातचीत की।

उन्होंने सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी को स्थिति और जल निकासी के लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। साथ ही विभागीय अधिकारियों को जल्द से जल्द पानी की निकासी के निर्देश दिए। चीफ इंजीनियर ने पानी निकासी के लिए लगाई गई मोटरों के स्थान पर ज्यादा पावर क्षमता की मोटरें लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जलभराव की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और जल्द ही गांव से पानी की निकासी कर दी जाएगी। इस मौके पर लोगों ने अधिकारियों और नेताओं के सामने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके त्वरित समाधान का आश्वासन सिंचाई विभाग के अधिकारियों की ओर से दिया गया।

### लोहारू में दिनभर होती रही रुक रुक कर बरसात

लोहारू। शुक्रवार को लोहारू शहर और आसपास के इलाके में घनघोर घटाओं ने झमाझम बरसात की। झमाझम बरसात के कारण शहर के चौ देवीलाल चौक पर फिर तालाब जैसी स्थिति दिखाई दी। वहीं शहर के लोक निर्माण विश्राम गृह, मुख्य बाजार और सूरजगढ़ रोड पर बरसात पानी कई दुकानों में घुस गया।







